Reg. No. :- JH-11-0004329
# अपेम लाइव न्यूज
(Art, Agriculture, Press & Education, Health Management)
(अपेम ट्रस्ट के अंतर्गत बरही से संचालित एवं प्रसारित, Reg. No. :- 2020/BAR/80/BK/01)
दैनिक संध्या डिजीटल अखबार — सच का साथी — दिनांक 23-05-2023 अंक 572
Website- www.apemlive.com संपर्क सूत्र 9550809864,9934337941,8969504178 Email Id- liveapem@gmail.com

## न्यूज ब्रीफ

### 29 मई से शुरू होगा 'मन का मिलन' पखवाड़ा



**अपेम लाइव : लातेहार**

लातेहार जिला विधिक सेवा प्राधिकार के अध्यक्ष सह प्रधान जिला व सत्र न्यायाधीश अखिल कुमार के निर्देश पर आगामी 29 मई से 14 जून तक 'मन का मिलन' पखवाड़ा का आयोजन किया जायेगा।इसकी जानकारी जिला विधिक सेवा प्राधिकार की सचिव स्वाति विजय उपाध्याय ने दी।उन्होंने बताया कि मन का मिलन पखवाड़ा के आयोजन का मुख्य उद्देश्य मध्यस्थता है। इस पखवाड़ा के तहत पक्षकारों के बीच सुलह व समझौता कराया जायेगा। मध्यस्थकर्ता के साथ इस दौरान पुलिस के पदाधिकारी भी मौजूद रहेंगे। मध्यस्थता के प्रति आम लोगों को इस कार्यक्रम के तहत जागरूक किया जायेगा।

### बरही : थाना प्रभारी के स्थांतरण पर विदाई समारोह का आयोजन



**अपेम लाइव : बरही**

बरही थाना प्रभारी ललित कुमार के स्थानांतरण पर बरही प्रमुख मनोज रजक एवं अन्य पंसस सदस्यों ने प्रमुख कार्यालय में विदाई समारोह का आयोजन किया गया। जहां प्रमुख मनोज रजक एवं अन्य पंसस सदस्यों ने उन्हे पुष्पगुच्छ एवं शॉल ओढ़ाकर सम्मानित किया। वहीं प्रमुख मनोज रजक ने उनका सराहना करते हुए कहा की लगभग दस महीना के कार्यकाल में अपराध नियंत्रण से लेकर थाना परिसर को सुंदर बनाने अपनी अमिट छाप छोड़ी है। इसे बरही वासी हमेशा याद रखेंगे। साथ ही उन्हें प्रशासन का सफल सहयोगी बताया तथा कहा की अन्य पुलिस कर्मियों को उनसे सीख लेनी चाहिए। इस दौरान पर उपप्रमुख देवलाल कुशवाहा, जीतू ठाकुर, मो तैयब, जितेंद्र गिरी, विकाश सिंह, नवलकिशोर सिंह एवं प्रभु यादव मुख्य रूप से मौजूद थे।

### मैट्रिक और इंटर साइंस में पास छात्रों को मो कयूम ने दी बधाई



**अपेम लाइव : बरही**

बरही पूर्वी क्षेत्र के पूर्व जीप प्रतिनिधि मो कयूम ने मैट्रिक और इंटर साइंस में पास छात्रों को बधाई दी। कहा की झारखंड एकेडमिक काउंसिल बोर्ड मैट्रिक और इंटर (साइंस) परीक्षा में उत्तीर्ण होने वाले सभी छात्र – छात्राओं को बधाई वा शुभकामनाएं दिए है। उन्होंने कहा की आप सभी नित दिन नई ऊंचाइयों को छुएं, यही कामना करता हूं। साथ ही साथ उन्होंने कहा की झारखंड एकेडमिक काउंसिल ने मैट्रिक और इंटर साइंस का रिजल्ट में हर वर्ग में बेटियों ने बाजी मारी है। सामान्य से लेकर अनुसूचित जाति,अनुसूचित जनजाति, पिछड़ा वर्ग सभी श्रेणियों में लड़कियों ने लड़कों को पछाड़ दिया है। कुल 4,07,559 छात्र – छात्राएं पास हुए है, जिसमे 1, 93, 569 लड़के और लड़कियां 2,13,990 लड़की पास हुई है। जिसको लेकर उन्होंने अभिभावकों को भी बधाई दी है।

# कान्हाचट्टी प्रखण्ड के जसपुर से गड़िया तक बनाए जा रहे सड़क निर्माण में घटिया पत्थर का हो रहा है उपयोग

## वर्षो से सड़क का ग्रामीण कर रहे थे इंतजार,सड़क तो बन रहा है लेकिन गुणवत्ता पर उठ रहा है सवाल

## ग्रामीण कार्य विभाग से है कार्य संचालित,जिसमे संवेदक मेसर्स बिनोद कुमार यादव करा रहे हैं काम







**अपेम लाइवः कान्हाचट्टी**

कान्हाचट्टी : केंद्र सरकार या राज्य सरकार जितना विकास कार्य पर खर्च कर रही है उतना गुणवत्ता युक्त कार्य धरातल पर किया नहीं जा रहा है।सरकार उग्रवाद प्रभावित क्षेत्र में सड़क,स्वास्थ्य और शिक्षा पर भले ही अरबो रुपये खर्च कर रही है लेकिन सरकार जिस तरह से जितनी राशि खर्च कर रही है उसके अनुसार कार्य धरातल पर नहीं हो रहा है।ऐसा ही एक मामला कान्हाचट्टी प्रखण्ड में आया है।जहां पर ग्रामीणों को पहली बार सड़क का दर्शन तो हो रहा है लेकिन कार्य गुणवत्ता पूर्ण नहीं हो रहा है।प्रखण्ड के तुलबुल पंचायत के जसपुर गांव से केंदुवा सहोर होते हुए गड़िया गांव तक बनाए जा रहे सड़क कालीकरन कार्य मे पड़ने वाले पुल पुलिया निर्माण कार्य मे फारेस्ट विभाग से ही जंगल से पत्थर तोड़ कर लगा रहा है जो पत्थर पुल कार्य के लिए है भी नहीं।अर्थात घटिया पत्थर लगाकर पुलिया का निर्माण हो रहा है ये संवेदक की मनमानी उजागर हो रही है।संवेदक की मनमानी से ग्रामीण भी खासे परेशान हैं।संवेदक की इस लापरवाही का भुक्तभोगी क्षेत्र के भोली भाली आम जनमानस हो रही है।लेकिन इस सड़क निर्माण कार्य मे लगे संवेदक लगभग आठ से दस पुल पुलिया निर्माण में स्थानीय जंगल से पत्थर तोड़ कर लगा रहा है जो पत्थर पुल पुलिया में लगाने लायक भी नहीं है।स्थानीय ग्रामीणों का मानना है कि आखिर संवेदक पर कार्रवाई क्यों नहीं हो रही है। ऊक्त सड़क निर्माण ग्रामीण कार्य विभाग,कार्य प्रमंडल चतरा एजेंसी है और जिसका संवेदक कोड. रमा जिले के बिनोद कुमार यादव है।इधर केंदुवा सहोर में पी सी सी में भी घटिया सामग्री इस्तेमाल का ग्रामीणों ने आरोप लगाया है।जब ग्रामीण इसका विरोध करते हैं तो उन्हें भी धमकाया जाता है।सहोर के ग्रामीणों ने बताया कि गांव में जो पी सी सी निर्माण हो रहा है वह गुणवत्तायुक्त मैटेरिल के कमी के कारण फट भी जा रहा है।इधर गड़िया गांव के ग्रामीनो ने भी बताया कि संवेदक मनमानी ढंग से कार्य करा रहा है।पुलिया निर्माण में तो पानी तक नहीं पटाया गया है।आखिर संवेदक मनामनी क्यों नहीं करेगा चुकी विभाग जो उसके साथ है।

# अवैध संबंध के शक में बेरहम पिता ने 10 माह की मासूम बच्ची को जमीन पर पटक कर मारा

**अपेम लाइव : लातेहार**




लातेहार : महुआडांड़ थाना क्षेत्र के ग्राम महुआटोली में सोमवार देर रात एक 10 माह की मासूम बच्ची को उसके पिता ने ही जमीन पर पटक कर मार डाला। घटना के संबंध में बताया जाता है कि सोमवार की देर रात दिलीप कुजूर शराब के नशे में घर आया और अपनी पत्नी को गाली गलौज करते हुए कहने लगा कि मुझे शक है कि तुम्हारा किसी दूसरे से अवैध संबंध है।ऐसी बातें कहते हुए वह अपनी पत्नी कुंती मुंडा से झगड़ा करने लगा। झगड़े के दौरान अचानक दिलीप कुजूर ने बगल में सो रही 10 माह की बच्ची रितिका कुजुर को उठाकर जमीन पर पटक दिया, जिससे बच्ची की मौके पर ही मौत हो गयी। जिसके बाद हल्ला गुल्ला सुनकर गांव के लोग जमा हुए तो देखा की दिलीप कुजूर के द्वारा अपनी ही 10 माह की बच्ची को बेरहमी से जमीन पर पटक कर मार डाला गया है। जिसके बाद ग्रामीणों ने दिलिप कुजूर को पकड़ लिया।और इसकी सूचना महुआडांड़ थाना पुलिस को दी गई। सुचना प्राप्त होते ही रात में ही महुआंडाड़ थाना से पू अनि संजय रतन और पूअनि जफर आलम घटनास्थल पर दल बल के साथ पहुंचे।जिसके बाद आरोपी दिलीप कुजूर को गिरफ्तार कर महुआंडाड़ थाना लाया गया और पुछताछ के उपरांत लातेहार जेल भेज दिया गया है। वहीं बच्ची के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम हेतु सदर अस्पताल लातेहार भेज दिया गया है।

क्या है मामला

जानकारी के अनुसार महुआटोली निवासी दिलीप कुजूर और कुंती मुंडा पिछले आठ साल से पति–पत्नी के रूप में साथ रह रहे थे। दोनों के दो बच्चे भी हुए। दूसरी बेटी का जन्म 10 माह पूर्व हुआ था। लेकिन यह बात दीलिप कुजूर को रास नहीं आई। दूसरी बेटी के जन्म के बाद से ही दिलीप कुजूर को शक हो गया था कि पत्नी कुंती मुंडा का संबंध किसी और से है।और दुसरी संतान भी किसी और का है। इस बात को लेकर पति पत्नी में हमेशा झगड़ा भी हुआ करता था। लेकिन क्या पता था झगड़ा इतना बढ़ जाएगा कि इसकी कीमत एक मासूम को जान देकर चुकानी पड़ेगी।इस संबंध में महुआंडाड़ थाना पुलिस ने बताया कि आरोपी को गिरफ्तार कर थाना लाया गया है और पुछताछ की जा रही है। पुछताछ के उपरांत उसे जेल भेजा जा रहा है। पुलिस सभी पहलुओं को ध्यान में रखते हुए मामले की जांच कर रही है।



सच का साथी
# अपेम लाइव न्यूज
बरही से प्रकाशित एवं संचालित संध्या डिजिटल न्यूजपेपर




## जैक बोर्ड में आर्या मिशन पब्लिक स्कूल ने लहराया परचम, 407 अंक लाकर राखी विद्यालय टॉपर

**अपेम लाइव : बरही**



बरही प्रखंड अंतर्गत रसोइया धमना पंचायत के लस्करी मोड़ में संचालित आर्या मिशन पब्लिक स्कूल की छात्र – छात्राओं ने जैक बोर्ड में परचम लहराया है। राखी कुमारी ने 407 अंक लाकर स्कूल टॉपर बनी, प्रिंसी रानी 399 अंक, श्रुति कुमारी 390 अंक, सोनाली कुमारी 387 अंक, अंशु कुमारी 372, मो मोहीबुल्ला 370 अंक, गौतम कुमार यादव 366 अंक, प्रिया रंजन कुमार यादव 361, फैज अली हैदर 337 अंक एवं कृष कुमार ने 327 अंक लाकर विद्यालय का नाम रौशन किया। वहीं विद्यार्थियों के शत प्रतिशत अंक पर विद्यालय के डायरेक्टर मिथिलेश आर्या एवं प्रधानाध्यापक दीपक कुमार ने परीक्षा में उत्तीर्ण हुए छात्रों को बधाई वा शुभकामनाएं दी है।

## मैट्रिक में उच्च विद्यालय करियातपुर का शत प्रतिशत रिजल्ट, सभी 331 बच्चे पास

**अपेम लाइव : बरही**







जैक बोर्ड की ओर से आयोजित मैट्रिक की परीक्षा में हर साल की भांति इस वर्ष भी उच्च विद्यालय करियातपुर के विद्यार्थियों ने परचम लहराया है। सभी 331 बच्चे सफल हुए हैं। दीपक कुमार 92.4 प्रतिशत अंक लाकर विद्यालय टॉपर होने का खिताब जीता है। इसके अलावे टॉप टेन में ईशा चंद्रवंशी 91.80 प्रतिशत, राहुल कुमार गुप्ता 91.40 प्रतिशत, कुंदन केशरी 91. 20 प्रतिशत, रूपेश कुमार 91 प्रतिशत,हिमांशु पांडेय 90.60 प्रतिशत, वंश राज 86.20 प्रतिशत, चंदन कुमार 85.80 प्रतिशत, पीयूष कुमार 84.60 प्रतिशत एवं लेखराज कुशवाहा 84 प्रतिशत अंक शामिल है। विद्यालय के प्रभारी प्रधानाध्यापक संदीप कुमार ने कहा की उनका विद्यालय स्थापना अनुमति प्राप्त विद्यालय है। काफी कम शुल्क में बेहतर शिक्षा दिया जाता है । यही कारण है की हर वर्ष बेहतर रिजल्ट होता आया है। बच्चों के बेहतर परिणाम पर एचएम जय गोविंद प्रसाद, संदीप कुमार, नंदलाल प्रसाद,महेंद्र प्रसाद, विद्याधर महतो आदि शिक्षकों ने हर्ष व्यक्त करते हुए उज्ज्वल भविष्य की कामना की है।

## मैट्रिक में अंबेडकर कोचिंग सेंटर का शत प्रतिशत विद्यार्थी सफल, कल्पना कोचिंग टॉपर

**अपेम लाइव : बरही**





कल्पना कुमारी एवं कपिल कुमार

बरही में संचालित अंबेडकर कोचिंग सेंटर का जैक द्वारा आयोजित मैट्रिक की परीक्षा में शत प्रतिशत रहा है। कल्पना कुमारी 439 अंक लाकर कोचिंग टॉपर रही है। वही कपिल कुमार 434 अंक प्राप्त कर दूसरे स्थान पर रहा है। कोचिंग के प्राचार्य डॉ संजय वर्णवाल एवं संजय दुबे ने बताया की कुल 31 विद्यार्थी परीक्षा में सम्मिलित हुए थे। जिसमे 30 विद्यार्थी प्रथम श्रेणी से एवं मात्र एक विद्यार्थी द्वितीय श्रेणी से उत्तीर्ण की है। प्रथम श्रेणी से पास होने वाले विद्यार्थियों में विद्या कुमारी, रानी कुमारी, ताजिया प्रवीण, स्वाषितका भारती, प्रियंका कुमारी, पायल कुमारी, अंशु कुमारी, रूपा कुमारी, रानी कुमारी, शिवानी पांडे, कविता कुमारी शर्मा, करिश्मा कुमारी, ममता कुमारी, ममता कुमारी यादव ,सोनी कुमारी, माया कुमारी, शाहीन परवीन, रोशनी कुमारी ,अंजली कुमारी, मुकेश कुमार यादव, मोहम्मद गुलजार ,शिव कुमार यादव, कपिल यादव, मिन्टु यादव , मुकेश रविदास सचिन शर्मा, आशीष कुमार , मुकेश शर्मा शामिल हैं। द्वितीय श्रेणी से एक मात्र पीयूष कुमार यादव ने सफलता हासिल की है। बेहतर रिजल्ट पर सभी को अंबेडकर कोचिंग परिवार की ओर से उज्जवल भविष्य की कामना किया गया। इस कोचिंग के प्राचार्य संजय कुमार वर्णवाल ने इन छात्र–छात्राओं को आगे चलकर अच्छे कार्य करने एंव उच्च शिक्षा प्राप्त करने की आशीर्वचन दिया । शिक्षक संजय कुमार दुबे ने उक्त छात्र छात्राओं को उज्जवल भविष्य की कामना की ।कोचिंग के शिक्षक मनोज कुमार घोष ,आलोक कुमार एवं शिक्षिका शालू प्रिया ने सभी छात्र छात्राओं को उज्जवल भविष्य की कामना की ।

## नवोदय कोचिंग सेंटर का मैट्रिक में शानदार प्रदर्शन

**अपेम लाइव : बरही**







नवोदय कोचिंग सेंटर, साधनापुरी, कोनरा, बरही के बच्चों ने झारखंड बोर्ड एग्जाम में सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन किया है। कोचिंग में सबसे अधिक परसेंटेज लाने वाली छात्रा प्रीति कुमारी 85% कोचिंग सेंटर से टoपर होने का गौरव हासिल किया है। वही द्वितीय स्नेहा कुमारी 84% तृतीय विद्याशा कुमारी 83%, चौथा स्थान अमन कुमार, पांचवा स्थान अमन कुमार सोनी 82% लाकर कोचिंग का गौरव बढ़ाया। इनके सफलता पर प्रधानाचार्य सुधीर चंद्रा एवं शिक्षक रणधीर कुमार,संजय कसेरा शिक्षिका मोनिका कुमारी, रीना कुमारी आदि ने परीक्षा में सफल होने वाले सभी विद्यार्थियों को हार्दिक शुभकामना प्रकट की।

## बीएसए बरही ने स्पोर्टिंग यूनियन तिलैया को 8 विकेट से हराया, अनीश कुमार बनें मैन ऑफ द मैच

**अपेम लाइव : बरही**




बरही प्रखण्ड मैदान में अर्जुन प्रसाद केसरी मेमोरियल अंडर 16 क्रिकेट टूर्नामेंट का आयोजन किया जा रहा है। मंगलवार को बीएसए बरही व स्पोर्टिंग यूनियन तिलैया के बीच क्रिकेट मैच खेला गया। जहां टoस जीतकर स्पोर्टिंग यूनियन तिलैया के कप्तान ने बल्लेबाजी करने का निर्णय लिया और 35 ओवर में 10 विकेट खोकर 213 रनों का लक्ष्य दिया। वही जवाबी पारी खेलने उतरी बीएसए बरही की टीम ने 29 ओवर में 3 विकेट खोकर लक्ष्य की प्राप्ति कर ली। बीएसए बरही 8 विकेट से मैच जीत लिया। इस मैच में 102 महत्वपूर्ण रन बनाने वाले खिलाड़ी अनीश कुमार मैन ऑफ द मैच बने। निर्णायक की भूमिका प्रभात कुमार, समी कुमार ने अपना योगदान दिया। स्कोरर के रूप में प्रिंसि कुमार ने महत्ती भूमिका निभाई। वहीं मुख्य अतिथि के रूप में पूर्व में रहे खिलाड़ी अशोक चौरसिया शामिल हुए। मैच को सफल बनाने में सहयोग करने वालों में बीएसए संरक्षक अब्दुल मनान वारसी, सचिव बलराम केशरी, अर्जुन ठाकुर सहित अन्य खिलाड़ी मौजूद थे।



दिनांक: 23-05-2023

सच का साथी

# अपेम लाइव न्यूज

बरही से प्रकाशित एवं संचालित संध्या डिजिटल न्यूजपेपर



## जनसेवकों की हड़ताल का जिप सदस्यों ने किया समर्थन

**अपेम लाइव : लातेहार**



लातेहार : जिले के जनसेवक अपनी 11 सूत्री मांगों को लेकर 9 मई से हड़ताल पर हैं।हड़ताल पर बैठे जनसेवकों ने कहा कि जब तक सरकार हमारी मांगों को पूरा नहीं करेगी तबतक यह आंदोलन जारी रहेगा।वहीं मंगलवार को बरवाडीह के जिला परिषद सदस्य कन्हाई सिंह, लातेहार के जिला परिषद सदस्य विनोद उरांव व सरयू के जिला परिषद सदस्य बुधेश्वर उरांव धरना स्थल पंहुच कर जनसेवकों के हड़ताल का समर्थन किया।उन्होंने कहा कि जनसेवकों से सभी तरह के काम लेने के बावजूद इसके उनके हितों की अनदेखी की जा रही है। जिला परिषद सदस्यों ने जनसेवकों की मांगों को जायज ठहराते हुए उसे पूरा करने की मांग सरकार से की।धरना में प्रकाश कुमार, सुजाता कुमारी, रीना कुमारी, स्नेह लता टोप्पो, अनिता कुमारी, संकेत सत्यम, संजय मिंज, प्रभात भगत, साकेत कुमार, देवलाल राम, अरविंद रोशन गृद्धा, चंदन कुमार, राहुल रंजन, रामसागर राम, संतोष उरांव, अरविंद रवि, समीन सुमन, अंकित एक्का, नारायण भोक्ता, सूरज कुमार, राकेश रौशन कुजूर, समीर सुमन, सर्वेश सिंह, सत्येंद्र उरांव, अर्पण तिग्गा, उमेश कुजूर, विल्सन लकड़ा, श्याम सागर पांडेय, राजेश कुमार व सूर्य प्रकाश समेत कई जनसेवक मौजूद रहे।

## प्रमुख मनोज रजक की अध्यक्षता में पंसस सदस्यों की बैठक सम्पन्न, विभिन्न विषयों पर किया गया चर्चा

**अपेम लाइव : बरही**



बरही प्रखंड सह अंचल कार्यालय में स्थित सभागार में प्रमुख मनोज रजक की अध्यक्षता में पंसस सदस्यों का बैठक किया गया। जिसमे बरही बीडीओ सी. आर. इंद्वार, जीप प्रतिनिधि गणेश यादव, सांसद प्रति. निधि डोमन पांडेय एवं सभी विभाग के अधिकारी मौजूद रहे।

**शिक्षा विभाग :** चारमाइल विद्यालय में शिक्षिका से संबंधित शिकायत की गई साथ ही उन्हें हटाने का भी मांग किया गया।

**बाल विकास परियोजना अधिकारी :** विकलांग शिविर की जानकारी दी गई। साथ ही बताया गया की प्रत्येक महीना के 15 तारीख को हजारीबाग में विकलांग प्रमाण पत्र भी बनाया जाता है। शिवपुर आंगनबाड़ी केंद्र को नजदीक के विद्यालय में शिफ्ट किया जाए।

**स्वास्थ्य :** बरही अनुमंडलीय अस्पताल में सोमवार, मंगलवार एवं बुधवार को आंख के स्पेशलिस्ट डॉक्टर बैठते है। गुरुवार, शुक्रवार एवं शनिवार को सर्जन भी आते है। विजैया उपस्वास्थ्य केंद्र को अतिक्रमण से मुक्त करने के लिए बरही अंचलाधिकारी एवं डीडीसी को सूचित किया गया है।

**आपूर्ति विभाग :** राशन वितरण में उपयोग की जाने वाली सभी वाहनों का ओरिजनल पेपर उपलब्ध कराया जाए।

**पीएचईडी विभाग :** हर घर नल जल पहुंचना है जिसके लिए टेंडर की प्रक्रिया शुरू कर दी गई है।

**मनरेगा विभाग :** हरित योजना जैसे योजना पर चर्चा किया गया।

**विद्युत विभाग :** बिना नोटिस किए किसी व्यक्ति पर प्राथमिकी दर्ज नहीं करना है। मौके पर उपप्रमुख देवलाल कुशवाहा, जीतू ठाकुर, मो तैयब, विकाश सिंह, रेखा देवी, मनोज कुमार यादव, नवलकिशोर सिंह, अर्चना भारती, कामेश्वर दास, रोहित कुमार यादव, अनिल सोरेन एवं आइशा खातून मुख्य रूप से मौजूद थी।

## वन पर्यावरण एवम जलवायु परिवर्तन विभाग की ओर से मिशन लाइफ अभियान के तहत स्पार्क कोचिंग में कार्यकम आयोजित

### विद्यालय को वन एवं पर्यावरण विषय पर कराया गया क्विज प्रतियोगिता

**अपेम लाइव :कान्हाचट्टी**




कान्हाचट्टी : मंगलवार को वन प्रमंडल पदाधिकारी राहुल मीना एवम वन क्षेत्र पदाधिकारी सूर्य भूषण कुमार राजपुर प्रक्षेत्र,चतरा उतरी वन प्रमंडल के निर्देशानुसार मिशन लाइफ के तहत स्पार्क कोचिंग चतरा में वन पर्यावरण एवम जलवायु परिवर्तन विभाग की ओर से जागरूकता अभियान का आयोजन किया गया।पर्यावरण संरक्षण के लिए जरूरी कदम उठाने हेतु शपथ, क्विज प्रतियोगिता जैसे कई कार्यक्रम आयोजित किए गए।प्रतियोगिता में अव्वल आने वाले विद्यार्थियों को पुरस्कृत किया गया। इस कार्यक्रम में स्पार्क कोचिंग के निदेशक राजेश रंजन शिक्षक निर्भय सिन्हा राजपुर प्रक्षेत्र के प्रभारी वनपाल उज्ज्वल कुमार, अंजली रानी तथा स्पार्क कोचिंग के सभी विद्यार्थी मौजूद थे।

## जमीन अतिक्रमण करने के उद्देश्य से अर्धनिर्मित सामुदायिक भवन को तोड़ने का मामला प्रकाश में आया

**अपेम लाइव : बिरनी**


अर्धनिर्मित सामुदायिक भवन को तोड़ते

बिरनी प्रखण्ड क्षेत्र के तेतरिया सलैडीह पंचायत के बरोटोला में अर्धनिर्मित सामुदायिक भवन को निजी भवन बताकर तोड़ने का मामला प्रकाश में आया है । पूछे जाने पर रीतलाल वर्मा ने कहा इस भवन को हमने बनाया था और हमारा है हम इसे तोड़े या रखे हमारी मर्जी है । वहीं दूसरी ओर ग्रामीणों ने कहा की यह सामुदायिक भवन था जो 2004-5 में विधायक मद से निर्माण किया जा रहा था । भवन निर्माण के अभिकर्ता भीखो महतो उर्फ शिवनन्दन महतो थे । बता दें अभिकर्ता के पुत्र राहुल वर्मा राजधनवार अंचल में राजस्व कर्मचारी हैं और उनका कहना है कि कौन क्या करेगा देख लेंगे । सामुदायिक भवन को अभिकर्ता के पुत्र राहुल कुमार ने राजस्व कर्मचारी का धोष दिखाते हुए भवन को तोड़ा जा रहा था । रीतलाल वर्मा ने कहा कि जमीन हमारी है और भवन हमने बनाया है यदि सामुदायिक भवन का प्रमाण विभाग देगी तो इसे मैं इससे बेहतर निर्माण कर ग्रामीणों को सौंप दूंगा । वहीं मुखिया इस्लाम अंसारी ने कहा अर्धनिर्मित भवन को लेकर अभिकर्ता से कई बार बातचीत भी की गई थी कि इस भवन निर्माण को पूरा कर लिया जाए तब उन्होंने कहा राशि नही है तथा पूर्व मुखिया रूप नारायण वर्मा तथा दर्जनों लोगों ने भी कहा कि यह सामुदायिक भवन ही है किसी का निजी भवन नही है इनलोगों ने पहले इस जमीन को ग़ैरमजूरवा बताया और सामुदायिक भवन के योजना मद से निर्माण प्रारम्भ किया बाद में इन्होंने कहा यह हमारी रैयती जमीन है इसे नही बनने दूंगा और निर्माण कार्य लटक गया ।







डेस्क प्रभारी: विकाश कुमार सहयोगी: सोनू पंडित, एडिटिंग- सोनू पंडित मैनेजिंग डायरेक्टर: डॉ० अनिल कुमार

सच का साथी
# अपेम लाइव न्यूज
बरही से प्रकाशित एवं संचालित संध्या डिजिटल न्यूजपेपर

## भाजपा मंडल कार्यसमिति की एक दिवसीय बैठक संपन्न

### कार्यकर्ता होती है पार्टी की रीढ़ की हड्डी : मंडल अध्यक्ष




**अपेम लाइव :कान्हाचट्टी**

कान्हाचट्टी : मंगलवार को प्रखण्ड के शायल बगीचा में भाजपा मंडल कार्यसमिति की बैठक का आयोजन हुई। जिसकी अध्यक्षता भाजपा मंडल अध्यक्ष सतीश सिंह ने किया। जबकि संचालन भाजपा मंडल महामंत्री शंकर दयाल सिंह ने किया। बैठक के मुख्य अतिथि भाजपा नेता सह उपाध्यक्ष बिरजू तिवारी ने बैठक को संबोधित किया।वहीं डॉ मृत्युंजय सिंह ने कहा कि पुनः 2024 का लोक सभा चुनाव भाजपा कार्यकर्ताओं के बल पर जीतेगी।वही मंडल अध्यक्ष सतीश सिंह ने सम्बोधित करते हुए कहा कि कार्यकर्त पार्टी की रीढ़ की हड्डी होती है।पार्टी नही संगठन में कार्यकर्ता मजबूत होना चाहिए।वहीं भाजपा जिला महामंत्री कार्यक्रम प्रभारी डॉ मृत्युंजय सिंह ने कहा कार्यकर्ताओं हमारे सबसे बड़ी पूंजी है कार्यकर्ताओं की मेहनत से ही आज भाजपा विश्व की सबसे बड़ी पार्टी बनी है मोदी सरकार की 9 वर्ष पूर्ण होने पर कार्यकर्ता ने घर-घर जनसंपर्क अभियान चलाएंगे।ये अभियान 30 मई से 30 जून तक चलेगा ।बैठक में उपस्थित रहे , उपाध्यक्ष संतोष वर्मा, पूर्व मंडल अध्यक्ष महेंद्र सिंह ,सच्चिदानंद सिंह, प्रमोद तिवारी,भाजपा युवा मंडल अध्यक्ष दीपक वर्मा, मंडल महामंत्री शंकर दयाल सिंह,प्रिंस केसरी, माइकल गोस्वामी, राज. कुमार सिंह, विनय सिंह, पंकज सिंह ,पप्पू विश्वकर्मा, , आदि हजारों भाजपा कार्यकर्ता शामिल थे।

## सूर्या फुटबॉल एकेडमी के खिलाड़ी अनुज का चयन बोकारो सैल फुटबॉल एकेडमी में, क्षेत्र में खुशी की लहर

**अपेम लाइव चंदवारा**



कोडरमा चंदवारा पुलिस लाइन मैदान में चल रहे सूर्या फुटबॉल एकेडमी के खिलाड़ी अनुज कुमार पिता अवधेश राणा ग्राम करियावा प्रखंड जयनगर कोडरमा का चयन बोकारो सैल फुटबॉल अकैडमी में हुआ है बता दे यह चयन प्रक्रिया बोकारो सैल फुटबॉल अकैडमी के ग्राउंड में ट्रायल के माध्यम से हुआ हुआ था जहां सौ से अधिक खिलाड़ियों ने ट्रायल में अपनी प्रतिभा को दिखाया उन्हीं खिलाड़ियों में बेहतर प्रदर्शन करने पर इसका चयन हुआ है बता दे अनुज में फुटबॉल के प्रति काफी लगाव एवं जुनून हैं । पैसे से वह एक मध्यम वर्ग परिवार से संबंध रखता है अब फ्री मै वह बोकारो फुटबॉल अकैडमी में रह सकेगा जहां रहना, खाना तथा स्किल के तौर पर उसे एक अच्छा मार्गदर्शन दिया जायेगा ताकि वह अंतरराष्ट्रीय स्तर तक एक प्रतिभावान खिलाडी बन सके फुटबॉल एकेडमी के मुख्य कोच श्रीकांत पांडे ने बताया कि हमारे अकैडमी तथा आस पास के क्षेत्र में खिलाड़ियों में प्रतिभा की कोई कमी नहीं है लेकिन ग्रामीण क्षेत्र के बालक एवं बालिकाओं को एक अपने एकेडमी के माध्यम से राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय स्तर पर अच्छा प्लेटफार्म दिलाना हमारी पहली एवम अंतिम प्राथमिकता है तथा उन्होंने कहा कि हमारे यहां खिलाड़ियों को नि रुशुल्क प्रशिक्षण दिया जाता है इस चयन पर विकि राना ,अवधेश राणा, शशि पांडे, रोहित कुमार ,राजु सिंह, सोनू कुमार ,नरेश पासवान ,अजय कुमार बीरेंद्र सिंह , प्रियंका कुमारी, ज्योति कुमारी, रौशन पंडित,व अन्य ने इस चयन पर शुभकामनाएं दी हैं।

## मनरेगा योजना में तेजी लाने का बी डी ओ ने दिया निर्देश

**अपेम लाइव :कान्हाचट्टी**



कान्हाचट्टी : प्रखण्ड कार्यालय के सभा कक्ष में मंगलवार को मनरेगा योजना एवं आवास को लेकर बी डी ओ हुलास महतो के अध्यक्षता में बैठक सम्पन्न हुआ।बैठक में मनरेगा के स्वीकृत आम भगवानी को जल्द चालू करने एवं पहले से किये जा रहे डोभा निर्माण कार्य को पूर्ण करने का निर्देश कर्मियों को दिया।वहीं बी डी ओ ने सभी कर्मियों को निर्देश दिया कि मनरेगा से आवास निर्माण में किए जाने वाले मजदूरों का मजदूरी भुगतान करने का निर्देश दिया।बी डी ओ श्री महतो ने कहा कि प्रत्येक गुरुवार को सभी पंचायतों में लाभुक दिवस और रोजगार दिवस मनाने का निर्देश दिया।उन्होंने सभी स्वयं सेवकों एवं पंचायत सेवको को निर्देश देते हुए कहा कि आवास योजना के लाभुकों को प्रेरित कर आवास का निर्माण पूर्ण कराएं।आवास निर्माण में लापरवाही बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।मौके पर बी पी ओ नीरज पासवान, जे ई मनरेगा शिव कुमार दास सहित सभी कर्मी मौजूद थे।

## भाजपा ग्रामीण मंडल कार्यसमिति की बैठक संपन्न

**अपेम लाइव : लातेहार**



लातेहार : भारतीय जनता पार्टी ग्रामीण मंडल कार्यसमिति की बैठक मंडल अध्यक्ष प्रमोद कुमार के अध्यक्षता में किनामाड के होटल साह -वन में संपन्न हुई। बैठक डॉक्टर श्यामाप्रसाद मुखर्जी एवं पंडित पंडित दीनदयाल उपाध्याय की तस्वीर के समक्ष पुष्पांजलि एवंएवं वंदेमातरम् गीत से प्रारम्भ हुई।तत्पश्चात मंचस्थ मुख्यअतिथि एवं अतिथियों को पार्टी का पट्टा से सम्मानित किया गया।इस अवसर पर मंडल अध्यक्ष प्रमोद कुमार ने स्वागत भाषण एवं विषय प्रवेश किया।कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में जिला मंत्री सह मंडल प्रभारी संतोष यादव अपने संबोधन में कहा कि भारतीय जनता पार्टी ग्रामीण मंडल को बूथ स्तर तक सशक्त एवं मज़बूत करने के लिए सभी कार्यकर्ताओं को संगठित कर मजबूत बना रही है ।मौके पर उपस्थित महामंत्री पंकज सिंह ने कहा कि परम नरेंद्र मोदी के द्वारा के कार्यकाल में किए गए महत्वाकांक्षी योजना के बारे में बूथ स्तर के कार्यकर्ताओं के माध्यम से आम जानता के बीच में रखने का कार्य किया जायगा । महा जनसंपर्क अभियान जो 20 जून से 30 जून तक हर घर पहुंच कर पोस्टर एवं पंपलेट हर घर लगाना है एवं मोदी जी के द्वारा किए गए कार्यो के बारे में जानकारी देना है। कार्यक्रम का संचालन मंडल महामंत्री अवधेश चंद्रवंशी एवं धन्यवाद ज्ञापन मंडल उपाध्यक्ष देवेंद्र राम ने किया। मौके पर जिला उपाध्यक्ष राकेश दुबे,अवधेश यादव प्रखंड प्रमुख परशुराम लोहरा,उप प्रमुख राजकुमार प्रसाद ,अजय तिवारी,मंडल मंत्री संजय सिंह,आरागुंडी पंचायत समिति राजंती देवी, पोचरा पंचायत समिति कर्म देव सिंह परसाही पंचायत समिति रीता देवी पेशरार पंचायत समिति पिंकी देवी, जालिम पंचायत समिति पंकज कुमार,भूसूर पंचायत समिति पुनीत भाइयाँ, इचाक पंचायत समिति कोशल रामै,ज मोर्चा मंडल अध्यक्ष हरमोहन सिंह, ओबीसी मंडल अध्यक्ष दिलेश्वर प्रसाद संजय राम,मंडल कार्यसमिति सदस्य रवींद्र कुमार गुप्ता,लालमोहन साव,संदीप कुमार,चंदन गुप्ता,दीपक प्रसाद,नेपाल यादव, रविंद्र यादव, संजय सिंह, मुनेश्वर सिंह, राम गणेश सिंह, अनिल सिंह, संजय कुमार सिंह ,मनोज यादव,प्रदुमान यादव,दीपक प्रसाद, सूर्यदेव प्रसाद, ठाकुरदयाल यादवसहित मंडल के कार्यकर्ता उपस्थित थे ।

## प्रतीक ने 10वीं की परीक्षा में 95 फीसदी से अधिक अंक लाकर किया जिले का नाम रोशन

**अपेम लाइव : लातेहार**



लातेहार : झारखंड अधिविधि परिषद द्वारा जारी 10वीं वर्ग में प्रतीक कमल रौनियार ने 95.20 अंक लाकर लातेहार शहर सहित अपने माता-पिता सहित विद्यालय का नाम रोशन किया है।उसने इस सफलता का श्रेय कठिन परिश्रम माता पिता एवं गुरुजनों का आशीर्वाद के साथ-साथ मामा का मार्ग निर्देशन को दिया है। इस अवसर पर पिता कपिल प्रसाद माता पूनम देवी दादा हरिप्रसाद दादी विमला देवी मामा अनूप कुमार दिलीप कुमार नाना देवनंदन प्रसाद नानी कमला देवी ने उज्जवल भविष्य की कामना की है।प्रतीक कमल का इच्छा है कि एमबीबीएस करते हुए आईएस बंन कर देश का सेवा करें।






सच का साथी
# अपेम लाइव न्यूज
बरही से प्रकाशित एवं संचालित संध्या डिजीटल न्यूजपेपर

## मैट्रिक परीक्षा में झारखंड नेशनल पब्लिक स्कूल बरही का शत-प्रतिशत रिजल्ट, अंकित स्कूल टॉपर

**अपेम लाइव : बरही**





झारखंड जैक बोर्ड ने द्वारा जारी मैट्रिक का रिजल्ट में इस वर्ष भी झारखंड नेशनल पब्लिक स्कूल बरही से शामिल सभी 14 बच्चे प्रथम श्रेणी से पास किए। इसमें जिसमें अंकित कुमार के 83.20% अंक प्राप्त कर स्कूल टॉपर होने का गौरव प्राप्त किया है। इसके साथ ही आजाद अंसारी के 83% , पीयूष कुमार 82.4% , आशिया मकसूद 81% , सज्जाद हुसैन 80.4% , संजार नमाज 80: ,सोनम 79. 20%, जमील अख्तर 78.20% , कोमल 78% ,मनीषा 76.80% , फहद अंसारी 75% , सानिया प्रवीण 72% , फैजान अली 70.20% , रोशनी 67.60% अंक के साथ बेहतर प्रदर्शन किया है। , रिजल्ट पर विद्यालय निदेशक सुनील कुमार दत्ता ने सभी बच्चों को शुभक. ामनाएं दिया और बताया की विद्यालय के शिक्षकों के देखरेख में बच्चों के कड़ी मेहनत के वजह से हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी सभी बच्चे प्रथम श्रेणी से पास हुए हैं तथा बच्चों के उज्जवल भविष्य के लिए उन्हें बधाई दी । इसके अलावे विद्यालय के प्राचार्य सुशील कुमार, नोडल प्रभारी प्रमोद कुमार, प्रतिमा कुमारी सिन्हा, अवकाश गिरी ,मोहम्मद शवा ,शबाना खातून ,शांति राणा विलासिनी राय, बेबी मुस्कान ,मुस्कान खातून, नूर खातून तथा अभिभावक गण भी बच्चों को बधाई देते हुए उज्जवल भविष्य की कामना की।

## चेपाकला में मंडा पूजा का हुवा सुभारंभ पंचायत के मुखिया अनिकेत नायक भी भक्त के रूप में हे सामिल

**अपेम लाइव : बडकागॉव**



बड़कागांव प्रखण्ड के अंतर्गत चेपाकला पंचायत में मंडा पूजा का शुभारंभ हो गया है,जिसमे 300 वर्षों से परंपरा के अनुसार प्रत्येक वर्ष मंडा पूजा की जा रही है। मंगलवार को सभी भक्तियां नंगे पैर लगभग 22 किलोमीटर पैदल यात्रा आवागमन कर माता स्थान कंडाबेर पहुंच के पूजा अर्चना किए, एवं अपने क्षेत्र के सुख समृद्धि की कामना किए। मुखिया अनिकेत नायक ने जानक. ारी देते हुवे कहा की यह परंपरा लगभग तीन सौ सालों से चलते आ रहा है। 31 मई को रात्रि में भक्तियां आग के चिंगारी में चल कर अपने आस्था का परिचय देंगे एवं उसी रात में झारखंड के जाने माने नागपुरी सुपरस्टार इग्नेश,नितेश कच्छप, एवं चिंता देवी का सांस्कृतिक प्रोग्राम का आयोजन किया गया है और सुबह एक मई को सूर्योदय के समय लगभग पचास फिट ऊपर झूले में भक्त लोग झूलेंगे और क्षेत्र के सुख समृद्धि की कामना करेंगे। भक्तियां में मुख्यरूप से पटबजनिया अनीप तूरी,पटभकिया शंकर करमाली, फुलभक्तिया पंचायत के मुखिया अनिकेत नायक ,भक्तियां प्रबील महतो, बालेश्वर तूरी,महेश महतो व अन्य लोग सामिल है।

## बड़कागांव पंचायत समिति सदस्यों ने जनसेवकों की धरना को दिया अपना समर्थन

**अपेम लाइव : बडकागॉव**




बड़कागांव : झारखंड राज्य जन सेवक संघ के आवाह्न पर हजारीबाग जिला जन सेवक संघ के द्वारा 2400 ग्रेड पे घटाकर 2000 ग्रेड पे करने मामले को लेकर जन सेवकों की 15वां दिन भी हजारीबाग समाहरणालय परिसर में धरना जारी। जन सेवक संघ के द्वारा 11 सूत्री मांग को लेकर सरकार के खिलाफ लगातार धरने में रहने के कारण बड़कागांव प्रखंड कार्यालयों में ग्रामीणों को काफी समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है। मामले को लेकर बड़कागांव पंचायत समिति सदस्य सह उप प्रमुख बचनदेव कुमार, पंचायत समिति सदस्य रितेश ठाकुर, उपेंद्र कुमार प्रसाद एवं रंजीत चौबे ने हजारीबाग समाहरणालय परिसर में जाकर जन सेवकों को अपना समर्थन दिया। पंचायत समिति सदस्यों ने कहा कि सरकार के द्वारा पे ग्रेड घटाना अशोभनीय है। जनसेवको से उनके क्षमता से अधिक काम लिया जा रहा है, लेकिन उन्हें प्रोत्साहन राशि नहीं मिल पा रही है और ठीक इसके विपरीत उनका ग्रेड पे घटाना यह एक आव्यवहारिक कृत्य है। सरकार को जल्द से जल्द जन सेवकों की मांगों को पूरा कर उन्हें काम में लौटाना चाहिए ताकि ब्ल०क स्तर पर ग्रामीणों को जो आसुविधा एवं समस्या हो रही है उससे निजात पाया जा सके।

## शानदार रहा विद्या मंदिर लातेहार का परीक्षा परिणाम, सभी बच्चों ने लाया प्रथम स्थान

**अपेम लाइव : लातेहार**



लातेहार : जिला मुख्यालय के धर्मपुर स्थित सरस्वती विद्या मंदिर का इस वर्ष का परीक्षा परिणाम शानदार रहा। झारखंड अधिविद्य परिषद जारा जारी वार्षिक सत्र 2022-2023 मैट्रिक बोर्ड परीक्षा में कुल 118 परीक्षार्थी शामिल हुए जिसमें सभी 118 परीक्षार्थी प्रथम श्रेणी से उत्तीर्ण हुए। विद्यालय स्तर पर टॉप टेन भैया बहनों का परीक्षा परिणाम1 प्रतीक कमल 476 95.20 प्रतिशत 2 निखिल कुमार 475 95 प्रतिशत 3 रेशमी कुमारी 472 94.40 प्रतिशत 3. आयुष अग्रवाल 472 94.40 प्रतिशत 4 शिवानी सहाय 470 94 प्रतिशत 5 सुमित कुमार 469 93.80 प्रतिशत 6 हिमांशु 468 3.60 प्रतिशत 7 साक्षी कुमारी 467 93.40 प्रतिशत 8 सनाया प्रवीण 465 93 प्रतिशत 8 विद्या कुमारी 465 93 प्रतिशत 9 पूजा कुमारी 464 92.8 प्रतिशत 9 शुभ स्वरूप 464 92.8 प्रतिशत 9 दीपक गुप्ता 464 92.8 प्रतिशत 10 संस्कार 463 92.6 प्रतिशत इस अवसर पर विद्यालय प्रबंध कारिणी समिति के अध्यक्ष अनिल कुमार ठाकुर, सचिव नरेंद्र कुमार पांडे, सहसचिव प्रीति भारती, कोषाध्यक्ष ज्योति चौधरी, उपाध्यक्ष राजीव रंजन पांडे, अभिभावक प्रतिनिधि उदय भानु प्रताप सिंह, पलामू विभाग निरीक्षक नीरज कुमार लाल, समिति के सभी सदस्य गण दिनेश कुमार महलका, विनीत मधुकर, डॉ चंदन सिंह, मनीष कुमार सभी ने प्रशंसा व्यक्त किया। साथ ही विद्यालय के प्रधानाचार्य अरुण कुमार चौधरी ने हर्ष व्यक्त करते हुए कहा कि इस अच्छे परिणाम के हकदार मेहनत करने वाले भैयाध् बहनों के साथ अच्छे मार्गदर्शन देने वाले पूरे आचार्य परिवार हैं जिन्हें मैं व्यक्तिगत तौर पर धन्यवाद देता हूं। साथ ही सभी भैया बहनों को शुभकामना देते हुए उज्जवल भविष्य की कामना करता हूं।

## कस्तूरबा विद्यालय बरसोत के सभी 62 विद्यार्थी प्रथम श्रेणी से पास

**अपेम लाइव : बरही**





प्रिया कुमारी, निस्कान कुमारी एवं नगमा खातून

कस्तूरबा विद्यालय बरसोत की विद्यार्थियों ने झारखंड मैट्रिक बोर्ड में शानदार प्रदर्शन करते हुए विद्यालय का नाम रौशन किया है। विद्यालय की सभी 62 छात्राओं ने प्रथम श्रेणी से पास किए हैं। विद्यालय की छात्रा प्रिया कुमार 470 अंक लाकर 94 प्रतिशत के साथ विद्यालय टॉपर बनी है। संभवत प्रखंड टॉपर भी प्रिया ने ही प्राप्त की है। इसके साथ ही निस्कान कुमारी 462 अंक,नगमा खातून 461, लक्ष्मी कुमारी 460 अंक, मधु कुमारी 460 अंक, सुलेखा कुमारी 457 एवं मधु कुमारी ने 455 अंक प्राप्त कर टॉप टेन में जगह बनाने में सफलता प्राप्त की है। विद्यालय के छात्राओं के बेहतर प्रदर्शन से वार्डन नेहा कुमारी ने हर्ष व्यक्त करते हुए कहा की विद्यालय के शिक्षक शिक्षिकाओं एवं बच्चियों के मेहनत का परिणाम है की सभी बच्चियां अच्छे अंकों के साथ उत्तीर्ण हूई हैं। विद्यालय के अन्य सभी शिक्षकों ने बच्चियों के उज्ज्वल भविष्य की कामना की है।







डेस्क प्रभारी: विकाश कुमार सहयोगी: सोनू पंडित, एडिटिंग- सोनू पंडित मैनेजिंग डायरेक्टर: डॉ० अनिल कुमार